**The Speaker observed that Members should maintain high standards of integrity in the House**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, आप सबसे अपेक्षा की जाती है कि आप सदन में सदन की मर्यादा और शालीनता के उच्च मापदंडों को बनाये रखें । सदन में मेरे संज्ञान में ऐसी कई घटनाएं आई हैं, जब माननीय सदस्यों के आचरण सदन की उच्च परंपराओं, मापदण्डों के अनुरूप नहीं हैं । इस सदन में पिता-पुत्री, मां-बेटी, पति-पत्नी सदस्य रहे हैं । इस परिप्रेक्ष्य में मेरी नेता, विपक्ष से यह अपेक्षा है कि लोक सभा प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियम 349 में वर्णित सभा में पालनीय नियमों के अनुरूप सदन में आचरण व व्यवहार करें, जो सदन की मर्यादा और प्रतिष्ठा के अनुरूप रहना चाहिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैं पुन: आग्रह करता हूं कि इस सदन में, विशेष रूप से विपक्ष के नेता से तो यह अपेक्षा की जाती है कि वह आचरण ठीक रखें ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** सदन की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**13.01 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.*

---

**14.00 hrs**

*The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock.*

(Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)

**MATTERS UNDER RULE 377***

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, जिन सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति दी गई है, वे व्यक्तिगत रूप से 20 मिनट के भीतर मामले के अनुमोदित पाठ को सभा पटल पर प्रस्तुत कर सकते हैं ।